## Adda 247 Publications

## BOOKS




**Visit:** publications.adda247.com & store.adda247.com
For any information, mail us at **publications@adda247.com**

**Directions (1-5): निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन कीजिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए.**


आठ खिलाड़ी सचिन, विराट, रोहित, धवन, धोनी, रहाणे, गंभीर और अश्विन तीन अलग-अलग टीमों SRH, MI और KKR के लिए खेलते हैं तथा आठ अलग अलग रंगों अर्थात्: बैंगनी, इंडिगो, नीला, हरा, पीला, संतरी, लाल और सफेद को पसंद करते हैं, जरूरी नहीं की समान क्रम में हो। कम से कम दो और अधिक से अधिक तीन खिलाड़ी एक ही टीम में खेलते हैं। विराट, MI के लिए खेलता है और बैंगनी रंग पसंद करता है। रोहित हरा रंग पसंद करता है, लेकिन SRH के लिए नहीं खेलता है। KKR से कोई भी सफेद रंग पसंद नहीं करता। विराट के साथ एक ही टीम में केवल अन्य व्यक्ति नीला रंग पसंद करता है। धोनी सफेद रंग पसंद करता है और रहाणे, इंडिगो रंग पसंद करता है। आश्विन, नीला रंग पसंद नहीं करता और धोनी के साथ समान टीम के लिए खेलता है। सचिन और गंभीर दोनों KKR के लिए खेलते हैं। जो KKR के लिए खेलता है, वह संतरी रंग पसंद नहीं करता है। गंभीर लाल रंग पसंद नहीं करता है।

**Q1. नीला रंग कौन पसंद करता है?**
(a) धवन
(b) गंभीर
(c) आश्विन
(d) धवन या गंभीर
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q2. किस टीम में आठ खिलाड़ियों में से केवल दो ही हैं?**
(a) SRH
(b) KKR
(c) MI
(d) KKR या SRH
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**Q3. निम्नलिखित में से कौन से व्यक्तियों का टीम KKR के लिए खेलता है?**
(a) धवन, सचिन, गंभीर
(b) सचिन, गंभीर, रहाणे
(c) सचिन, रोहित, धोनी
(d) सचिन, रोहित, गंभीर
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q4. निम्नलिखित में से कौन सा टीम, व्यक्ति और रंग का सही संयोजन है?**
(a) KKR – सचिन – संतरी
(b) MI – विराट – नीला
(c) SRH – आश्विन – बैंगनी
(d) SRH – गंभीर – पीला
(e) इनमें से कोई नहीं



**Q5. गंभीर कौन सा रंग पसंद करता है?**
(a) नीला
(b) संतरी
(c) पीला
(d) बैंगनी
(e) इनमें से कोई नहीं

**Direction (6-10): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**


L, K, G, F, E, A, I और Z आठ मित्र हैं जो सीधी रेखा में बैठे हैं लेकिन जरूरी नहीं की समान क्रम में हो। उनमें से कुछ दक्षिण की ओर उन्मुख हैं जबकि कुछ उत्तर की ओर उन्मुख हैं।
L, A के बायें ओर चौथे स्थान पर बैठा है। A, रेखा के अंतिम छोर में से एक पर बैठा है। L के दोनों निकटतम पड़ोसी उत्तर की ओर उन्मुख हैं। K, Z के बायें ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Z, L का निकटतम पड़ोसी नहीं है। न तो Z न G, पंक्ति के अंतिम छोर पर नहीं बैठे। G, F से विपरीत दिशा की ओर उन्मुख है। G के दोनों निकटतम पड़ोसी उत्तर की ओर उन्मुख हैं। E, I के बायें ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F के निकटतम पड़ोसी विपरीत दिशा की ओर उन्मुख हैं (अर्थात् यदि F का एक पड़ोसी उत्तर की ओर उन्मुख है, तो अन्य दक्षिण की ओर उन्मुख है तथा इसके विपरीत)। K के निकटतम पड़ोसी विपरीत दिशा की ओर उन्मुख हैं (अर्थात्: यदि K का एक पड़ोसी उत्तर की ओर उन्मुख है तो अन्य दक्षिण की ओर उन्मुख है तथा इसके विपरीत)। अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति विपरीत दिशा की ओर उन्मुख है (अर्थात्:, यदि एक व्यक्ति उत्तर की ओर उन्मुख है, तो अन्य दक्षिण की ओर उन्मुख है तथा इसके विपरीत)। F, दक्षिण दिशा की ओर उन्मुख है। E, L के पास नहीं बैठता है।

**Q6. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म, रेखा के दो अंतिम छोर पर बैठे व्यक्तियों के निकटतम पड़ोसियों का प्रतिनिधित्व करता है?**
(a) I, A
(b) K, I
(c) E, Z
(d) F, Z
(e) L, K

**Q7. K और A के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**
(a) चार
(b) चार से अधिक
(c) एक
(d) तीन
(e) दो

**Q8. यदि प्रत्येक व्यक्ति को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार दायें से बायें तक व्यवस्थित किया जाता है, तो पहले की तुलने में कितने व्यक्तियों के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं होगा?**
(a) एक
(b) दो
(c) चार
(d) कोई नहीं
(e) तीन

**Q9. निम्नलिखित में से कौन I और K के ठीक मध्य में बैठा हैं?**
(a) G
(b) F
(c) A
(d) L
(e) E




**Q10. निम्नलिकित में से कौन G के बायें ओर तीसरे स्थान पर बैठा है?**
(a)A
(b)I
(c)L
(d)K
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (11-15): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा दिए गए पश्नों के उत्तर दीजिए।**

A, B, C, D, E, F, G और H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं। उनमें से प्रत्येक का जन्मदिन विभिन्न महीनों अर्थात्- मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, नवम्बर और दिसंबर में है। जिस व्यक्ति का जन्मदिन दिसंबर में है, वह G के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है। C, G का एक निकटतम पड़ोसी है। जिस व्यक्ति का जन्म मई में है, वह C के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। B, H के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है। H का जन्मदिन न तो दिसंबर न ही मई में है। C और जिस व्यक्ति का जन्मदिन अगस्त में है उनके बीच एक व्यक्ति बैठा है। A और F एक दूसरे के निकटतम पड़ोसी है। न तो A का जन्मदिन न ही F का जन्मदिन दिसंबर के महीने में है। वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन मार्च में है, वह A के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। D और जिस व्यक्ति का जन्मदिन अप्रैल के महीने में है, उनके बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। D का जन्मदिन दिसंबर के महीने में नहीं है। जिस व्यक्ति का जन्मदिन जून में है, वह उस व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी नहीं है, जिसका जन्मदिन दिसंबर में है। जिस व्यक्ति का जन्मदिन जुलाई में है, वह A के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है।

**Q11. निम्नलिखित में से किसका जन्मदिन नवम्बर में है?**
(a) A
(b) H
(c) C
(d) F
(e) D

**Q12. जिस व्यक्ति का जन्मदिन दिसंबर में है, उसके सन्दर्भ में, F कौन-से स्थान पर है?**
(a) ठीक दायें
(b) बायें से तीसरे
(c) दायें से दूसरे
(d) बायें से चौथे
(e) बायें से दूसरे

**Q13. जब जिस व्यक्ति का जन्मदिन अप्रैल में है, उसके बायीं ओर से गिनने पर, जिस व्यक्ति का जन्मदिन अगस्त और जिस व्यक्ति का जन्मदिन अप्रैल में है उनके ठीक बीच में कौन बैठा है?**
(a) C और H
(b) केवल वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन में है
(c) केवल वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन मार्च में है
(d) C और B
(e) केवल वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन मई में है और जिस व्यक्ति का जन्मदिन जुलाई में है


**Q14. दी गयी बैठक वयवस्था के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) D, G का एक निकटतम पड़ोसी है
(b) G का जन्मदिन जुलाई में है
(c) वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन जुलाई में है और जिस व्यक्ति का जन्मदिन अगस्त में है, वह एक दूसरे के निकटतम पड़ोसी है
(d) जिस व्यक्ति का जन्मदिन जून में है, वह उन व्यक्तियों के ठेक बीच में बैठा है जिसका जन्मदिन मई में है और जिसका जन्मदिन नवम्बर में है।
(e) वह व्यक्ति जिसका जन्मदिन मार्च में है, वह उस व्यक्ति के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है जिसका जन्मदिन नवम्बर में है।

**Q15. G का जन्मदिन किस महीने में है?**
(a) नवम्बर
(b) जून
(c) जुलाई
(d) अगस्त
(e) मई

**Directions (16-20): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

Sसात मित्र D, E, F, G, H, I और J, एक अपार्टमेन्ट में रहते हैं और ये सभी रविवार से आरंभ करते हुए शनिवार तक सप्ताह के अलग-अलग दिनों में, विभिन्न कंपनियों में कार्य करते हैं। ये कंपनियां हैं- Infy, CTS, CP, TCS, HCL, MI और LG, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हो।
H, MI में कार्य नहीं करता है। J, TCS में कार्य करता है और उस व्यक्ति के ठीक पहले कार्यालय जाता है, जो LG में कार्य करता है। LG में कार्य करने वाले व्यक्ति और H, जो सप्ताह के अंतिम दिन अपने कार्यालय जाता है,इनके बीच एक दिन का अन्तराल है। G या तो रविवार या सोमवार को अपने कार्यालय जाता है और CTS में कार्य करता है। जो व्यक्ति Infy में कार्य करता है, वह रविवार और मंगलवार को कार्य नहीं करता है। G और Infy में कार्य करने वाले व्यक्ति के बीच एक भी दिन का अन्तराल नहीं है। D, E के ठीक पहले अपने कार्यालय जाता है, लेकिन सोमवार के दिन नहीं जाता है। वह व्यक्ति, जो MI में कार्य करता है, गुरूवार के बाद अपने कार्यालय जाता है। F, CP और Infy में कार्य नहीं करता है।

**Q16. HCL में कार्य करने वाले व्यक्ति के बाद कितने मित्र अपने कार्यालय जाते हैं?**
(a) कोई नहीं
(b) तीन
(c) दो
(d) एक
(e) चार




**Q17. निम्नलिखित में से कौन सा मित्र MI में कार्य करता है?**
(a) F
(b) E
(c) H
(d) D
(e) G

**Q18. निम्नलिखित में से कौन सा मित्र मंगलवार को अपने कार्यालय जाता है?**
(a) H
(b) E
(c) D
(d) F
(e) J

**Q19. निम्नलिखित में से कौन Infy में कार्य करता है?**
(a) D
(b) I
(c) J
(d) E
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q20. F और MI में कार्य करने वाले व्यक्ति के बीच कितने मित्र अपने कार्यालय जाते हैं?**
(a) दो
(b) एक
(c) तीन
(d) कोई नहीं
(e) चार

**Directions (21-25): निम्नलिखित सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

सीपी के आठ कर्मचारी अर्थात; P, Q, R, S, T, U, V और W, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं। उनके पास अलग-अलग कारें –आई10, आई 20, आल्टो, स्विफ्ट, सफारी, नेनो, फेरारी और सेंट्रो हैं। जिसके पास नेनो है, वह P के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। T और S, जिसके पास फेरारी है ; के मध्य दो व्यक्ति कर्मचारी हैं। आई10 वाले व्यक्ति और V के मध्य दो व्यक्ति कर्मचारी हैं। Q, T के ठीक बाएं बैठा है। Q, P का एक निकटतम पड़ोसी है। आई20 वाले व्यक्ति का मुख, उस व्यक्ति के सामने है जिसके पास आल्टो है। V, उस व्यक्ति के ठीक दायें ओर बैठा है जिसके पास फेरारी है। W और R एकसाथ बैठते हैं लेकिन R, P के सामने नहीं है। जिसके पास सेंट्रो है, उसका मुख आई10 वाले व्यक्ति की ओर है। P के पास आई20 नहीं है। जिसके पास सफारी है, वह U का निकटतम पड़ोसी है।

**Q21. निम्नलिखित में से किसके पास सफारी है?**

(a) T

(b) R

(c) P

(d) V

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q22. R से आरम्भ करते हुए दक्षिणावर्त गणना की जाए, तो Q और R के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

(a) कोई नहीं

(b) एक

(c) दो

(d) तीन

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q23. निम्नलिखित में से किसके पास नेनो कार है?**

(a) T

(b) R

(c) P

(d) V

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q24. निम्नलिखित में से स्विफ्ट कार वाले व्यक्ति के बाएं से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?**

(a) U

(b) T

(c) P

(d) R

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q25. स्विफ्ट कार वाले व्यक्ति से दक्षिणावर्त गणना की जाए, तो स्विफ्ट कार वाले व्यक्ति और आई20 वाले व्यक्ति के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**

(a) कोई नहीं

(b) एक

(c) दो

(d) तीन

(e) इनमें से कोई नहीं



**Directions (26-30): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:**

एक यूनिवर्सिटी में, बीटेक प्रोग्राम के लिए छह विद्यार्थी अर्थात, M, N, O, P, Q और R सोमवार से रविवार तक सप्ताह के विभिन्न दिनों में कॉलेज जा रहे हैं। वे सभी भिन्न शहरों अर्थात, पटना, गोवा, लखनऊ, कानपुर, चेन्नई और दिल्ली से सम्बंधित हैं। जो व्यक्ति अवकाश के ठीक बाद कॉलेज जा रहा है, वह दिल्ली से सम्बंधित है। O, शुक्रवार को नहीं जाता है। M, P के ठीक बाद जा रहा है। जो व्यक्ति मंगलवार को कॉलेज जा रहा है, वह लखनऊ से सम्बंधित है। N व R के मध्य दो दिनों का अंतराल है। कानपुर व चेन्नई से सम्बंधित व्यक्तियों के मध्य पांच दिनों का अंतराल है। शनिवार को छोड़कर एक दिन का अवकाश है। R, अवकाश के अगले दिन जा रहा है। Q, बुधवार को जा रहा है और यह R के ठीक बाद नहीं है। Q, पटना से सम्बन्ध रखता है। M, कानपुर से सम्बन्ध नहीं रखता है। जो व्यक्ति M से ठीक पहले जा रहा है, गोवा से संबंधित है।

**Q26. निम्नलिखित में से कौन शुक्रवार को कॉलेज जा रहा है?**
(a) O
(b) M
(c) R
(d) P
(e) कोई नहीं

**Q27. निम्नलिखित में से कौन कानपुर से सम्बन्धित है?**
(a) P
(b) O
(c) Q
(d) M
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q28. Q किस दिन कॉलेज जा रहा है?**
(a) मंगलवार
(b) सोमवार
(c) बृहस्पतिवार
(d) शुक्रवार
(e) शनिवार

**Q29. निम्नलिखित में से कौन अवकाश से ठीक पहले कॉलेज जा रहा है?**
(a) P
(b) Q
(c) M
(d) R
(e) कोई नहीं

**Q30. P किस स्थान से संबंधित है?**
(a) दिल्ली
(b) पटना
(c) लखनऊ
(d) गोवा
(e) इनमें से कोई नहीं


**Directions (31-35): निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये.**

यहाँ पर आठ मित्र अर्थात C, D, E, F, G, H, I और J एक शहर में घूमने का निर्णय लेते हैं. तो वह एक बस में दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं.. एक पंक्ति में पांच सीट हैं. सभी मित्र इन दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं. C, D, E, और F पहली पंक्ति में बैठे हैं और वे सभी उत्तर की ओर उन्मुख हैं. G, H, I और J दूसरी पंक्ति में बैठे हैं और वे सभी दक्षिण की ओर उन्मुख हैं. प्रत्येक पंक्ति में एक सीट खाली है लेकिन दोनों खाली सीट एक दूसरे की ओर उन्मुख नहीं है. प्रत्येक मित्र विभिन्न शहर से संबंधित है अर्थात दिल्ली, पटना, गोवा, भोपाल, लखनऊ, कोलकता, पुणे और कानपूर. E खाली सेट के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है. D जो कानपूर से संबंधित है, वह खाली सीट का निकटतम पडोसी है. वह सीट जो D की ओर उन्मुख है वह खाली है और H, G के ठीक दायें बैठा है जो भोपाल से संबंधित व्यक्ति के ठीक दायें बैठा है. C, J की ओर उन्मुख है जो खाली सीट के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है. F और D पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठे हैं. I दिल्ली से संबंधित है. H लखनऊ से संबंधित नहीं है. वह व्यक्ति जो कोलकाता से संबंधित हैवह पुणे से संबंधित व्यक्ति के ठीक बाएं बैठा है. C और H पुणे से संबंधित नहीं है. वह व्यक्ति जो पुणे से संबंधित व्यक्ति की ओर उन्मुख है, वह गोवा से संबंधित है.

**Q31. निम्नलिखित में से कौन दिल्ली से संबंधित व्यक्ति की ओर उन्मुख है?**
(a) खाली
(b) F
(c) G
(d) J
(e) D

**Q32. निम्नलिखित में से कौन G के ठीक बाएं बैठा है?**
(a) F
(b) E
(c) J
(d) I
(e) कोई नहीं

**Q33. निम्नलिखित में से कौन पहली पंकित के अंतिम छोर पर बैठा है?**
(a) E
(b) D
(c) C
(d) F
(e) I



**Q34. पटना से संबंधित और भोपाल से संबंधित व्यक्ति के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?**
(a) कोई नहीं
(b) एक
(c) दो
(d) तीन
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q35. निम्नलिखित में से कौन H की ओर उन्मुख है?**
(a) E
(b) F
(c) C
(d) D
(e) खाली

**Directions (36-40): सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**

आठ व्यक्ति P, R, Q, U, W, S, T, और V एक पंक्ति में बैठे हैं (लेकिन आवश्यक नहीं की सभी समान दिशा में हो)। इनमें से कुछ उत्तर दिशा की ओर उन्मुख है और कुछ दक्षिण दिशा की ओर उन्मुख है।
Q, T के दाएं ओर से तीसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति के बाएं ओर से दुसरे स्थान पर बैठा है। T का मुख उत्तर दिशा की ओर नहीं है। V और Q का मुख विपरीत दिशा में है। P, का मुख उस दिशा में नहीं है जिस दिशा में W का मुख है। Q, R के बाएं ओर से चौथे स्थान पर बैठा है। W, U का निकटतम पड़ोसी है, जिसका मुख उसी दिशा में है जिस दिशा में R का है। न तो Q न ही T पंक्ति के किसी अंतिम छोर पर नहीं बैठे हैं। S, U के दाएं ओर से दुसरे स्थान पर बैठा है। केवल एक व्यक्ति T के बाएं ओर बैठा है। R पंक्ति के किसी अंतिम छोर पर नहीं बैठा है। P, जो पंक्ति के किसी अंतिम छोर पर बैठा है, वह U के बाएं ओर से दुसरे स्थान पर बैठा है। S का मुख दक्षिण दिशा की ओर है। W के ठीक दाएं ओर बैठे व्यक्ति के दाएं ओर से तीसरे स्थान बैठे व्यक्ति का मुख उत्तर दिशा की ओर नहीं है।

**Q36. पंक्ति में कितने व्यक्तियों का मुख उत्तर दिशा की ओर है?**
(a) दो
(b) चार
(c) तीन
(d) चार से अधिक
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q37. निम्नलिखित में से कौन R के बाएं ओर से तीसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति के ठीक बाएं ओर बैठा है?**
(a) Q
(b) P
(c) U
(d) S
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q38. W के ठीक दाएं ओर बैठे व्यक्ति का मुख किस दिशा में है?**


(a) उत्तर

(b) दक्षिण

(c) b और d दोनों

(d) उसी दिशा में जिस दिशा में T का मुख है।

(e) इनमें से कोई नहीं.




**Q39. पंक्ति के अंतिम छोर पर कौन बैठा है?**

(a) PT

(b) VR

(c) इनमें से कोई नहीं

(d) PV

(e) WS

**Q40. R के बाएं ओर से कितने व्यक्ति बैठे है?**

(a) एक

(b) दो

(c) चार

(d) चार से अधिक

(e) इनमें से कोई नहीं